

अनुभव अनुशासन... पेज 2

आपकी खबरों का संसार...

# अतुल्य संसार

RNI No.-RJHIN/2015/63826

संस्करण: जयपुर

हिन्दी समाचार पत्र...

web: www.atulyasansar.com

Digital Edition

www.liveworldnews.in



साप्ताहिक समीक्षा... पेज 2

वर्षः 10 | अंकः 322 | जयपुर, मंगलवार 02 जून, 2026 | मूल्यः 2 रुपए | पृष्ठः 4


# प्रदेश में क्या फिर टल सकते हैं पंचायत-चुनाव

## ओबीसी आयोग की रिपोर्ट पर संशय, सरकार के पास कौनसे 2 विकल्प

**जयपुर।** राजस्थान में पंचायत चुनाव 31 जुलाई तक होंगे या नहीं? हाईकोर्ट के निर्देश के बावजूद इस पर संशय बरकरार है। बड़ा सवाल यह है कि इस बार भी ओबीसी आयोग 20 जून तक आरक्षण का डेटा नहीं दे पाता है तो एक फिर पंचायत चुनाव टल जाएंगे? या फिर राज्य निर्वाचन आयोग सुप्रीम कोर्ट के मध्य प्रदेश में पंचायत चुनाव पर दिए निर्णय को आधार बनाकर बिना आरक्षण के चुनाव कार्यक्रम जारी करेगा? एक्सपर्ट का कहना है कि राज्य निर्वाचन आयोग के सामने दो विकल्प हैं। पहला- बगैर आरक्षण के चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया जाए। दूसरा- समय बढ़ाने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाए।

### ओबीसी आयोग 20 जून तक दे पाएगा रिपोर्ट? क्या हैं अड़चनें...

हाईकोर्ट ने ओबीसी आयोग को 20 जून तक रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। आयोग कोर्ट द्वारा तय समय सीमा में रिपोर्ट दे पाएगा, इस पर संशय बना हुआ है। वजह- आयोग के पास सीमित संसाधन हैं। ओबीसी आयोग नए फॉर्मेट (प्रारूप) में आंकड़े चाहता है। लेकिन नए फॉर्मेट के अनुसार आंकड़े देने के लिए कलेक्टर्स को समय चाहिए। इस समय प्रदेश में जनगणना का कार्य चल रहा है। पर्याप्त स्टाफ नहीं है। ऐसे समय रिपोर्ट देने में 2 से 3 महीने और लगने की संभावना है। ओबीसी आयोग के सचिव (सलाहकार) अशोक जैन ने नया फॉर्मेट जारी किया है। आयोग का कहना है कि सरकार ने पहले बिना फॉर्मेट के ही आंकड़े उपलब्ध कराए थे, जिससे एससी-एसटी और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण निर्धारण करना संभव नहीं था। आयोग का यह भी कहना है कि सरकार अब हमें नए सिरे से आंकड़े उपलब्ध कराए। अशोक जैन के मुताबिक, पंचायत स्तर पर अन्य पिछड़ा वर्ग के ग्राम पंचायतों में वार्ड पंचों के आरक्षण निर्धारण तय फॉर्मेट में चाहिए।

### ओबीसी आयोग के पास दिसंबर तक का समय

राजस्थान हाईकोर्ट ने ओबीसी आयोग को 31 जुलाई तक आंकड़े देने के लिए निर्देशित किया है, बाध्य नहीं किया है। इधर ओबीसी आयोग को राज्य सरकार ने दिसंबर तक रिपोर्ट देने का समय दिया था यानी आयोग का कार्यकाल दिसंबर तक बढ़ाया था। ओबीसी आयोग कई बार कह चुका है कि उसके पास सीमित संसाधन हैं और ऐसे में ओबीसी आरक्षण रिपोर्ट के लिए आयोग का कार्यकाल बढ़ाना चाहिए। सरकार ने हर बार आयोग की बात मानी है। तीसरी बार दिसंबर तक आयोग का कार्यकाल बढ़ा दिया।

### यूडीएच मंत्री क्या बोले

यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने स्वीकार किया है कि ओबीसी आयोग के पास आरक्षण के लिए अभी स्पष्ट आंकड़े नहीं हैं। सरकार की मंशा थी कि **OBC** को उचित आरक्षण दिया जाए। कांग्रेस के राज में **OBC** की गणना नहीं हुई थी, इसलिए प्रदेश सरकार बनने के बाद **OBC** आयोग का गठन किया गया था।

### निर्वाचन आयोग और सरकार, दोनों जा सकते हैं सुप्रीम कोर्ट

एक्सपर्ट का कहना है कि राज्य निर्वाचन आयोग के सामने बड़ी दिक्कत यह खड़ी हो गई है कि इतने कम समय में बगैर आरक्षण रिपोर्ट के आधार पर चुनाव कैसे कराए जाएं। चुनाव कराने के लिए एससी, एसटी और महिला आरक्षण का डेटा भी आयोग को चाहिए, वह सरकार उपलब्ध करा नहीं रही है। निर्वाचन आयोग के सामने अब पुरानी स्थिति बन गई है। जब 15 अप्रैल तक चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गई थी। बगैर आरक्षण के चुनाव कराना संभव नहीं हो सका था। माना जा रहा है कि राज्य सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं। समय सीमा बढ़ाने की मांग कर सकते हैं।



### ओबीसी आयोग रिपोर्ट नहीं दे पाया तो क्या होगा?

जानकारों का कहना है कि ओबीसी आयोग समय पर रिपोर्ट नहीं दे सका, तो ओबीसी आरक्षित सीटों को जनरल मानते हुए चुनाव संपन्न कराए जा सकते हैं। राजस्थान हाईकोर्ट के वकील प्रतीक कासलीवाल का कहना है कि पहले भी राजस्थान सरकार को निर्देश दिए थे कि 15 अप्रैल तक चुनाव हो जाने चाहिए। इस बार भी हाईकोर्ट की खंडपीठ ने साफ कह दिया है कि 31 जुलाई तक चुनाव हो जाने चाहिए। राज्य सरकार द्वारा यह दलील दी गई है कि ओबीसी आयोग से आरक्षण रिपोर्ट नहीं मिली। ऐसे में बिना आरक्षण निर्धारण किए चुनाव नहीं करा सकते। प्रतीक कासलीवाल बताते हैं- मेरा मानना है कि इससे मध्य प्रदेश के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले को आधार मानकर सरकार चुनाव करा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश और इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश में बिना आरक्षण के पंचायत चुनाव के निर्देश दिए थे। ऐसे में यदि ओबीसी (राजनैतिक प्रतिनिधित्व) आयोग 20 जून तक अपनी रिपोर्ट नहीं सौंपता है तो बगैर आरक्षण के आयोग चुनाव करा सकता है। राजनीतिक मामलों के जानकार और वरिष्ठ पत्रकार महेश चंद्र शर्मा का कहना है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में हर स्तर के चुनाव समय पर कराना जरूरी होता है। निर्वाचित जनप्रतिनिधि ही विकास कार्य करवा सकते हैं। समय पर पंचायत चुनाव नहीं होने से इसका सीधा असर विकास कार्यों पर पड़ेगा। हाईकोर्ट ने 31 जुलाई को चुनाव कराने की सीमा तय की है। ऐसे में राज्य सरकार को चुनाव कराने चाहिए।

### एमपी बिना आरक्षण के चुनाव कराने के निर्देश दिए थे

मई, 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश में पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव कराए जाने को लेकर बड़ा फैसला सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस एएम खानविलकर, जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस रवि कुमार की पीठ ने कहा कि बगैर ओबीसी आयोग की रिपोर्ट के बिना भी चुनाव कराए जा सकते हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि पॉलिटिकल पार्टी सामान्य सीटों पर भी ओबीसी उम्मीदवारों को चुनाव लड़ाना चाहती हैं। इसमें जिस वार्ड में ओबीसी की संख्या ज्यादा है, वहां उस वर्ग के लोगों को मैदान में उतारें। सुप्रीम कोर्ट ने तब यह भी साफ किया था कि हमारा यह आदेश न केवल मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र तक सीमित है, बल्कि शेष राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों पर भी लागू होगा।

### राजस्थान हाईकोर्ट बोला- बहाने नहीं चलेंगे

राजस्थान हाईकोर्ट की खंडपीठ ने प्रदेश में पंचायत और निकाय चुनाव 31 जुलाई तक कराने के निर्देश दिए हैं। सरकार ने कोर्ट से दिसंबर तक का समय मांगा था। हाईकोर्ट ने आदेश में कहा- ओबीसी आयोग के गठन को 1 साल से ज्यादा का समय हो चुका है। आयोग के इस ढुलमुल रवैये को पंचायत और शहरी स्थानीय निकाय चुनावों के संचालन में बाधा नहीं बनने देंगे। कोर्ट ने कहा- बारिश और भीषण गर्मी जैसे बहाने राजस्थान में मान्य नहीं हैं, क्योंकि यहां ऐसी कोई मौसम की चरम स्थिति नहीं है, जिसे नागरिक सहन न कर सकें। राज्य सरकार या उसके अधिकारियों का कामकाज मौसम की स्थिति के कारण नहीं रुकता। चुनाव कराना सरकार का वैधानिक और अनिवार्य कर्तव्य है।

# राजस्थान में कॉमर्शियल सिलेंडर फिर हुआ महंगा

### 42 रुपए प्रति सिलेंडर की कीमतें बढ़ीं; 6 महीने में 1532 रुपए महंगा हुआ



**जयपुर।** अमेरिका-ईरान युद्ध के बाद से लगातार लिक्विड पेट्रोलियम गैस की कीमतों में इजाफा हो रहा है। पेट्रोलियम कंपनियों ने रविवार रात एलपीजी गैस की कीमतों का रिव्यू करने के बाद एक बार फिर कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी की है। कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल सिलेंडर पर 42 रुपए की बढ़ोतरी की है। हालांकि घरेलू और दूसरे अन्य कैटेगिरी के सिलेंडर के दाम स्थिर रखे हैं। राजस्थान एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष दीपक गहलोत ने बताया- कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाए हैं, जिसकी नई रेट लिस्ट जारी की है। नई रेट लिस्ट के मुताबिक, राजस्थान में आज से 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 3099 रुपए के बजाए अब 3141 रुपए में मिलेगा। घरेलू उपयोग के सिलेंडर की कीमतों में कंपनियों ने कोई बढ़ोतरी नहीं की है।

### जाने इस साल में कब-कब बढ़ीं कीमतें

इस साल में कॉमर्शियल सिलेंडर पर कंपनियों ने अब तक 6 बार से ज्यादा बार कीमतों में बढ़ोतरी की है। 31 दिसंबर तक 1608 रुपए में जो सिलेंडर मिलता था, जो अब 1 जून तक बढ़कर 3141 रुपए में हो गया। जनवरी में कंपनियों ने 111 रुपए, फरवरी में 49.50, मार्च में 141.50 रुपए, अप्रैल में 195 रुपए, मई में 993 और अब जून में 42 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की।

# पंजाब एससी कमीशन ने केंद्रीय मंत्री को किया तलब

### 4 जून को रवनीत बिट्टू को होना होगा पेश, संगरूर पुलिस ने दाखिल की रिपोर्ट

**चंडीगढ़।** पंजाब में निकाय चुनाव के दौरान केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा एससी वर्ग को लेकर की गई टिप्पणी मामले में उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। आयोग ने उन्हें तलब करते हुए 4 जून को पेश होने के लिए कहा है। हालांकि, बिट्टू पहले ही सार्वजनिक रूप से माफी मांग चुके हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष जसवीर सिंह गढ़ी ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें पता चला है कि रवनीत सिंह बिट्टू ने धूरी दौरे के दौरान जातिवादी शब्दों का प्रयोग किया था, जिसके संबंध में एसएसपी संगरूट से रिपोर्ट मांगी गई थी।

# कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर 6 जून को भारत लौटेंगे

## शिक्षा मंत्री के इस्तीफे को लेकर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेंगे, इंस्टा फॉलोअर 2 करोड़ पार

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके 6 जून को भारत लौटेंगे। इसके बाद वे दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेंगे। इस प्रदर्शन में वे शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग करेंगे। दिपके ने इसकी जानकारी अपने एक्स अकाउंट 'कॉकरोच इज बैक' पर दी है। कॉकरोच जनता पार्टी एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है, जो भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की हालिया कॉकरोच टिप्पणी के बाद सामने आया। सीजेपी के इंस्टाग्राम पर 2 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स हैं।

### अभिजीत अमेरिका में पढ़ रहे, आप में काम कर चुके

30 साल के अभिजीत दिपके महाराष्ट्र के संभाजी नगर के रहने वाले डिजिटल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिजीत ने पुणे से पत्रकारिता की पढ़ाई की है। फिलहाल वो अमेरिका की बोस्टन यूनिवर्सिटी में पब्लिक रिलेशन से मास्टर्स की पढ़ाई कर रहे हैं।




अभिजीत 2020 से 2022 तक केजरीवाल की आम आदमी पार्टी के सोशल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट रहे हैं। 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में अभिजीत आप के लिए वायरल मीम बेस्ड ऑनलाइन प्रचार का मटेरियल बनाते थे। एक इंटरव्यू में अभिजीत ने बताया कि उन्होंने निजी जिंदगी और आर्थिक स्थिरता के लिए आप छोड़कर बोस्टन यूनिवर्सिटी में अप्लाई किया था। एडमिशन मिल गया, तो वे अमेरिका शिफ्ट हो गए।अभिजीत किसान आंदोलन से लेकर महंगाई जैसे राजनीतिक मुद्दों पर एक्स अकाउंट पर केंद्र सरकार और पीएम पर निशाना साधते रहे हैं।

### कॉकरोच जनता पार्टी का एक्स अकाउंट अभी बंद

दिल्ली हाईकोर्ट का ने 29 मई को कॉकरोच जनता पार्टी क एक्स अकाउंट से बैन हटाने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने सरकार और एक्स से 4 हफ्ते में जवाब मांगा। दिल्ली हाईकोर्ट में दिपके ने सीजेपी का एक्स अकाउंट ब्लॉक किए जाने को चुनौती दी है। इस पर जस्टिस पुरुषेन्द्र कुमार कौरव की बेंच ने कहा कि सरकार का पक्ष सुने बिना ऐसा आदेश नहीं दिया जा सकता, क्योंकि मामले के व्यापक प्रभाव और दूरगामी परिणाम हैं। अगली सुनवाई 6 जुलाई को होगी।

### दिपके बोले- सीजेपी राजनीतिक और सामाजिक व्यंग्य

सीजेपी राजनीतिक और सामाजिक व्यंग्य (सटायर) पर आधारित पहल है। अगर कुछ पोस्ट आपत्तिजनक हैं, तो सिर्फ उन्हें ब्लॉक किया जा सकता है। पूरे अकाउंट को बंद करना सही नहीं है। पहले भी ऐसे मामलों में अदालतें राहत दे चुकी हैं और कुछ अकाउंट बहाल हुए हैं।

### कोर्ट बोला- ब्लॉकिंग ऑर्डर की वजह अभी साफ नहीं

फिलहाल सिर्फ नोटिस जारी किया जा सकता है। इस मामले में कानून अभी शुरुआती दौर में है।

# ऑनलाइन एमबीबीएस कोर्स के नाम पर रोका आरएमसी में रजिस्ट्रेशन

## विदेश से मेडिकल एज्युकेशन करने वाले छात्रों का प्रदर्शन; आरोप जब पहले भी स्टूडेंट के रजिस्ट्रेशन हुए तब कौन-सा नियम लगाया

**जयपुर।** राजस्थान मेडिकल काउंसिल कार्यशैली एक बार फिर से सवालों के घेरे में आ गई है। फोरेन मेडिकल ग्रेजुएट स्टूडेंट्स का रजिस्ट्रेशन रोकने के मामले में आज कई स्टूडेंट्स ने आरएमसी मुख्यालय पर प्रदर्शन कर रजिस्ट्रार डॉ. गिरधर गोयल और चेयरमैन डॉ. जगदीश मोदी को घेरा। स्टूडेंट्स ने कहा, कि उनका परमानेंट रजिस्ट्रेशन ये कहकर लम्बे समय से रोक रखा है कि उन्होंने MBBS का कोर्स के समय कुछ महीने या साल ऑनलाइन क्लास ली है। ऐसे स्टूडेंट्स के रजिस्ट्रेशन के लिए एनएमसी से गाइडलाइन आने के बाद ही रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। प्रदर्शन कर रहे स्टूडेंट डॉक्टर अभिषेक जैमिनी, डॉ. विकास यादव, डॉ. कृष्णा यादव, डॉ. सर्वेश बुगालिया का आरोप है, कि इसी आरएमसी में 10 से ज्यादा ऐसे स्टूडेंट है, जिनका अप्रैल में ही रजिस्ट्रेशन किया है और इन्होंने ने भी एमबीबीएस विदेश से की और ऑनलाइन क्लास ली है। स्टूडेंट्स का आरोप है कि हमने नेशनल मेडिकल कमिशन के नॉर्म्स के मुताबिक भारत में मेडिकल प्रैक्टिस करने के लिए फोरेन मेडिकल ग्रेजुएशन एग्जामिनेशन का एग्जाम भी पास कर लिया। इसके बावजूद आरएमसी रजिस्ट्रार ने उनका रजिस्ट्रेशन अटका रखा है।



### रजिस्ट्रेशन के मामले में हो चुकी है बड़ी कार्रवाई

आरएमसी में फर्जी तरीके से और पैसे लेकर विदेश मेडिकल स्टूडेंट्स का रजिस्ट्रेशन करने के मामले पहले भी आ चुके है। इस मामले में पूर्व रजिस्ट्रार डॉ. राजेश शर्मा को एसओजी ने पकड़ा गिरफ्तार भी किया था। अब फिर से ये विवाद उठाने लगा है, जो वर्तमान में मौजूद चैयरमेन, रजिस्ट्रार की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते है। क्योंकि एनएमसी ने मार्च में ही इस संबंध में गाइडलाइन जारी की थी, कि ऐसे स्टूडेंट्स जिन्होंने ऑनलाइन क्लासेज ली है और बाहर से एमबीबीएस किया है उनके लिए कंप्शन लेटर की जरूरत नहीं है।

# तीन महीने में तीसरी बार पीएम से मिले सीएम भजनलाल

### सरकार के कामकाज का दिया ब्यौरा, राज्यसभा चुनाव और मंत्रिमण्डल फेरबदल पर भी चर्चा



**जयपुर।** सीएम भजनलाल शर्मा ने सोमवार को दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी से मिले। लोक कल्याण मार्ग स्थित पीएम आवास में दोनों नेताओं की मुलाकात हुई। इस समय सीएम की पीएम से मुलाकात के मायने भी निकाले जा रहे हैं। दरअसल, आज ही करीब ढाई साल बाद केन्द्रीय नेतृत्व ने राजस्थान में संगठन महामंत्री की नियुक्ति की है। वहीं, एक-दो दिन में राज्यसभा चुनावों की सीटों पर प्रत्याशी की घोषणा भी होनी है। इसके साथ लंबे समय से प्रदेश में मंत्रिमण्डल फेरबदल भी लंबित चल रहा है। ऐसे में माना जा रहा है कि सीएम की सरकार के कामकाज के ब्यौरे के साथ पीएम के साथ राज्यसभा चुनाव और मंत्रिमंडल फेरबदल को लेकर भी चर्चा हुई है। सीएम भजनलाल की पीएम मोदी से तीन महीने में यह तीसरी मुलाकात हैं।

## पुलिस अधीक्षक शरण गोपीनाथ के, के निर्देशन में पुलिस कार्यवाही की



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**दीपचंद शर्मा डीग।** श्री शरण गोपीनाथ के., पुलिस अधीक्षक जिला डीग के निर्देशन मे जिले में अवैध मादक पदार्थों व नशीली दवाओं की धरपकड हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन प्रहार के तहत, जुरहरा थाना पुलिस द्वारा सहसन गांव के पेट्रोल पंप के पास कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों 1. शाहरूख खान पुत्र जमालू, जाति मेव, उम्र 21 साल, निवासी- सहसन, थाना जुरहरा, जिला डीग (राज.) को नशीले केप्सूल के 9 स्ट्रिप में कुल 72 कैप्सूल (कुल वजन 37.44 ग्राम) के साथ एवं 2. मुबीन पुत्र दीनदार, जाति मेव, उम्र 26 साल, निवासी- लाडलाका, थाना जुरहरा, जिला डीग (राज.) को नशीले केप्सूल की 6 स्ट्रिप में कुल 48 कैप्सूल (कुल वजन 24.96 ग्राम) सहित रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इस प्रकार कुल बरामदगी- 15 स्ट्रिप में कुल 120 कैप्सूल (Spasmo), जिनमें मादक घटक Tramadol (50 mg) मौजूद पाया गया। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ (Tramadol) को जब्त कर आरोपियों के खिलाफ धारा 8/21, 8/22 NDPS एक्ट के तहत थाना जुरहरा पर प्रकरण स0 196/2026 दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। प्रकरण का अग्रिम अनुसंधान श्री भरत सिंह, पुलिस निरीक्षक (थानाधिकारी), पुलिस थाना कामां के सुपुर्द किया गया है।

## ऑपरेशन अमानत के तहत 4.28 लाख का सामान यात्रियों को लौटाया, नन्हे फरिश्ते अभियान में 9 बच्चे परिजनों से मिलाए

### रेलवे सुरक्षा बल की संवेदनशील पहल से यात्रियों को मिली राहत, बिछड़े बच्चों को मिला परिवार का साथ




**कोटा।** पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल की रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने अप्रैल 2026 के दौरान यात्रियों की सुरक्षा एवं सहायता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए अपनी मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया। आरपीएफ द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी अभियानों के माध्यम से न केवल यात्रियों का खोया हुआ सामान उन्हें वापस दिलाया गया, बल्कि परिजनों से बिछड़े बच्चों को भी सुरक्षित उनके परिवारों तक पहुंचाया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि अप्रैल माह में संचालित ऑपरेशन अमानत के अंतर्गत 25 मामलों में ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों द्वारा छूटा हुआ कुल 4,28,835 मूल्य का सामान बरामद कर विधिवत सत्यापन के उपरांत उसके वास्तविक स्वामियों को लौटाया गया। इससे यात्रियों को बड़ी राहत मिली तथा रेलवे के प्रति उनका विश्वास और अधिक मजबूत हुआ। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर बिना अभिभावक के मिले 9 बच्चों को आवश्यक कानूनी एवं प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद उनके परिजनों अथवा संबंधित संस्थाओं को सुरक्षित सुपुर्द किया गया। इसके अतिरिक्त ऑपरेशन डिग्निटी के अंतर्गत संकटग्रस्त अवस्था में मिले 3 व्यक्तियों को बचाकर उनके परिजनों एवं अभिभावकों को सौंपा गया। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा संचालित ये अभियान यात्रियों की सुरक्षा, सहायता एवं मानवीय सरोकारों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं तथा भारतीय रेल की जनसेवा की भावना को सशक्त बनाते हैं।

# एसएमएस स्टेडियम में 12 जून को जुटेगा किसानों का महाकुंभ



**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) किसान मोर्चा, राजस्थान की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक सोमवार को प्रांतीय मुख्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री श्री कैलाश चौधरी ने की। इस उच्च स्तरीय बैठक में राजस्थान में प्राकृतिक खेती (Natural Farming) को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 12 जून को जयपुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा और रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश चौधरी ने बताया कि आगामी 12 जून को सवाई मान सिंह (एसएमएस) स्टेडियम में एक विशाल एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य के किसानों को पारंपरिक रासायनिक खेती छोड़ पर्यावरण और स्वास्थ्य अनुकूल प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित और प्रशिक्षित करना है।

### गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत की टीम देगी गुरुमंत्र

इस प्रशिक्षण शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह होगी कि इसमें प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में वैश्विक पहचान बना चुके गुजरात के राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत और उनकी विशेषज्ञ टीम विशेष रूप से जयपुर आएगी। राज्यपाल और उनकी टीम खुद राजस्थान के प्रगतिशील किसानों को प्राकृतिक खेती के गुर, जीवमृत तैयार करने की विधि, भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के वैज्ञानिक तरीके और कम लागत में अधिक मुनाफे के व्यावहारिक सूत्र सिखाएगी। इस कार्यक्रम में राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागड़े, भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजकुमार चाहर, मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री मदन राठौड़ भी मौजूद रहेंगे।

### हर मंडल से चुने जाएंगे 5 किसान, प्रत्येक जिले से 150 की भागीदारी

कार्यक्रम को पूरी तरह जमीनी और प्रभावी बनाने के लिए संगठन स्तर पर एक त्रिस्तरीय चयन प्रक्रिया शुरू की गई है। भाजपा किसान मोर्चा की जिला इकाइयां पार्टी के प्रत्येक संगठनात्मक मंडल से 5-5 ऐसे जागरूक किसानों का चयन करेंगी जो प्राकृतिक खेती करने के इच्छुक हैं। प्रत्येक मंडल से चयनित इन नामों को संकलित कर हर जिले से कुल 150 किसानों की सूची तैयार की जाएगी। जिला इकाइयां इन सभी चयनित किसानों की अंतिम सूची तुरंत मोर्चा के प्रदेश कार्यालय को भेजेंगी, जिन्हें 12 जून को जयपुर में मुख्य प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां

बैठक के दौरान श्री कैलाश चौधरी ने इस प्रांतीय कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए उपस्थित किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों, संभाग प्रभारियों और जिलाध्यक्षों को अलग-अलग संगठनात्मक दायित्व सौंपे। उन्होंने साफ कहा कि इस आयोजन में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ओपी यादव, रेवंत सिंह राजपुरोहित, मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी व मोर्चों के जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे। श्री कैलाश चौधरी ने संगठनात्मक एकजुटता और प्राकृतिक खेती के मिशन पर जोर देते हुए कहा कि आगामी 12 जून को किया जा रहा प्रशिक्षण कैंप राजस्थान की कृषि व्यवस्था और हमारे अन्नदाता के जीवन में एक क्रांतिकारी बदलाव की नींव है। श्री चौधरी ने कहा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का सपना है कि हमारा किसान समृद्ध हो, उसकी लागत कम हो और हमारी धरती माता रसायनों के जहर से मुक्त हो। इसी सपने को साकार करने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी भाजपा किसान मोर्चा के कंधों पर है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। रासायनिक खादों ने हमारी जमीन को बंजर और इंसानों को बीमार बना दिया है। हमें इस चक्रव्यूह को तोड़ना होगा।

आगामी 12 जून को जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में होने वाला प्रशिक्षण शिविर राजस्थान के कृषि इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि गुजरात के राज्यपाल, जिन्होंने प्राकृतिक खेती को एक जन-आंदोलन बनाया है, अपनी टीम के साथ हमारे किसानों का मार्गदर्शन करने जयपुर आ रहे हैं। उन्होंने मोर्चा के सभी जिलाध्यक्षों और पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे आज से ही मिशन मोड में जुट जाएं।

प्रत्येक मंडल से 5 ऐसे कर्मठ और इच्छुक किसानों का चयन पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी से करें, जो वास्तव में इस तकनीक को सीखकर अपने क्षेत्रों में मास्टर ट्रेनर की भूमिका निभा सकें। हर जिले से 150 किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करना और उन्हें सुरक्षित जयपुर लाना व ले जाना हमारी जिम्मेदारी है।

# अनुभव, अनुशासन और संगठन क्षमता का सम्मान, अजेय कुमार जी के नेतृत्व में राजस्थान में संगठन को मिलेगी नई गतिः– मदन राठौड़

### भाजपा को मिला अनुभवी संगठनकर्ता, अजेय कुमार के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में राजस्थान संगठन होगा और अधिक सशक्तः– भजनलाल शर्मा

### भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार की नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जताया हर्ष



**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा वरिष्ठ संगठनकर्ता एवं उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) अजेय कुमार को राजस्थान भाजपा का प्रदेश महामंत्री (संगठन) नियुक्त किए जाने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि अजेय कुमार का संगठनात्मक अनुभव, कार्यकर्ताओं के प्रति समर्पण तथा कुशल नेतृत्व राजस्थान भाजपा संगठन को नई ऊर्जा एवं मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी राजस्थान संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा तथा संगठन विस्तार और जनसेवा के कार्यों को और अधिक गति मिलेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार के संगठनात्मक अनुभव और कुशल नेतृत्व में प्रदेश संगठन और अधिक सशक्त होगा। राजनीतिक एवं संगठनात्मक क्षेत्रों में अजेय कुमार को एक कुशल संगठनकर्ता के रूप में जाना जाता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में वर्ष 1997 में श्रीनगर गढ़वाल से सार्वजनिक जीवन की शुरुआत करने वाले अजेय कुमार ने संघ और भाजपा संगठन में विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया है। श्रीनगर, हरिद्वार एवं हल्द्वानी में नगर प्रचारक, ऊधमसिंह नगर में जिला प्रचारक तथा अल्मोड़ा विभाग के विभाग प्रचारक के रूप में कार्य करने के बाद उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद एवं बिजनौर विभाग के विभाग प्रचारक के रूप में भी संगठन को मजबूत किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि इसके उपरांत उन्होंने मेरठ प्रांत के प्रांत बौद्धिक शिक्षण प्रमुख के रूप में कार्यकर्ताओं का वैचारिक मार्गदर्शन किया। वर्ष 2018 में उन्हें भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश का क्षेत्रीय महामंत्री (संगठन) नियुक्त किया गया। वर्ष 2019 से अब तक वे उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) के रूप में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। उत्तराखंड में उनके कार्यकाल के दौरान भाजपा संगठन ने अनुशासन, विस्तार, कार्यकर्ता संवाद, सदस्यता अभियान, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा राष्ट्रीय अभियानों के प्रभावी क्रियान्वयन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने, बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने तथा दूरस्थ क्षेत्रों तक संगठनात्मक गतिविधियों का विस्तार करने में उनकी भूमिका को व्यापक सराहना मिली। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश महामंत्री संगठन की नियुक्ति पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राजस्थान जैसे राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण प्रदेश में प्रदेश महामंत्री (संगठन) अजेय कुमार की नियुक्ति उनके संगठनात्मक कौशल, प्रभावी नेतृत्व क्षमता और परिणाम देने वाली कार्यशैली की राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृति है। यह निर्णय भाजपा नेतृत्व के उस विश्वास को भी दर्शाता है कि अनुभवी एवं सक्षम संगठनकर्ता ही संगठन को नई दिशा और नई ऊर्जा प्रदान कर सकते हैं। भाजपा परिवार ने विश्वास व्यक्त किया है कि अजेय कुमार के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में राजस्थान भाजपा संगठन और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं जनोन्मुखी बनेगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आपके सफल, यशस्वी एवं गौरवपूर्ण कार्यकाल हेतु हार्दिक मंगलकामनाएं! आपके व्यापक संगठनात्मक अनुभव, कार्यकुशलता एवं समर्पित नेतृत्व में प्रदेश संगठन और अधिक सशक्त होगा। इसके साथ ही भाजपा की विचारधारा, संगठन विस्तार और जनसेवा के संकल्प को नई ऊर्जा प्राप्त होगी।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, सुरेंद्र पाल सिंह टीटी, नाहर सिंह जोधा, ज्योति मिर्धा, अल्का मूंदडा, सरिता गेना, बिहारी लाल विश्नोई, छगन माहुर, हकरू भाई मईडा, भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी, भूपेंद्र सैनी, कैलाश मेघवाल, मिथिलेश गौतम सहित प्रदेश पदाधिकारियों तथा प्रदेश कार्यकर्ताओं ने संगठन महामंत्री की नियुक्त पर हर्ष व्यक्त किया।

# सात सूत्रीय मांगों को लेकर मंत्रालयिक कर्मचारियों ने खोला मोर्चा, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**सुशील दाधीच/उदयपुरवाटी।** ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के मंत्रालयिक कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार से आंदोलन की शुरुआत कर दी। आंदोलन के प्रथम चरण में कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की। ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र सिंह के नेतृत्व में कर्मचारियों ने बताया कि पंचायतीराज विभाग में उत्तराखंड की तर्ज पर व्यवस्था लागू की जाए तथा कार्मिक विभाग के निर्धारित मानकों के अनुसार कैडर रिव्यू करवाया जाए। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से लंबित मांगों पर सरकार द्वारा उचित कार्रवाई नहीं किए जाने से कर्मचारियों में नाराजगी है। ज्ञापन में ग्राम पंचायत स्तर पर वित्त विभाग के नियमों के अनुरूप त्रिस्तरीय व्यवस्था लागू करने, अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे कर्मचारियों को पटवारी एवं कृषि पर्यवेक्षक की भांति अतिरिक्त प्रभार भत्ता एवं हार्ड ड्यूटी अलाउंस देने की मांग भी रखी गई। इसके अलावा एक ही भर्ती प्रक्रिया में विलंब से नियुक्त कार्मिकों को नोशनल लाभ देने, अंतरजिला स्थानांतरण की सुविधा उपलब्ध कराने तथा फर्जी भर्ती मामलों की निष्पक्ष जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी या तीसरे पक्ष से करवाने की मांग उठाई गई। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होने की स्थिति में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान अनिल महला, कमलेश कुमार, अशोक रैगर, बबिता कुमारी, संजू शर्मा, तिलकराज वर्मा, पूर्णाराम जाट, मुकेश वर्मा, मुकेश मीणा, मुकेश सैनी, कुलदीप सिंह, रामचंद्र सैनी, संदीप कुमार, लालचंद मीणा, सुमन बाला, सीताराम रसगनिया, जयसिंह आलडि़या, इंदिरा यादव, रिंकू बड़सरा, पुरुषोत्तम स्वामी, सुभिता कुमारी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान को जन आंदोलन बनाने पर जोर

### ऊर्जा मंत्री एवं शिक्षा मंत्री ने किया जनसंवाद




**कोटा।** वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जल संवर्धन, जल संरक्षण, ग्रामीण स्वच्छता एवं विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से ऊर्जा मंत्री श्री हीरालाल नागर एवं शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री श्री मदन दिलावर ने सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों में जन संवाद कर अभियान को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। ऊर्जा मंत्री ने सिमलिया क्षेत्र का दौरा कर 'वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' के तहत संचालित गतिविधियों एवं स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने भाण्डाहेडा, रेलगांव एवं चौमा मालियान ग्राम पंचायतों का दौरा कर ग्रामीणों से संवाद किया तथा उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। ग्रामीण स्वच्छता व्यवस्था को लेकर मंत्री श्री नागर ने कहा कि गांवों को स्वच्छ, सुंदर एवं कचरा मुक्त बनाने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में क्लस्टर आधारित कचरा प्रबंधन प्रणाली लागू की जाएगी। इसके तहत गीले एवं सूखे कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जाएगा। साथ ही, जैविक कचरे के उपयोग को बढ़ावा देने एवं किसानों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कंपोस्ट खाद निर्माण के विशेष प्लांट स्थापित करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण एवं ग्रामीण स्वच्छता राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं तथा इन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री की पांच दिवसीय जन संवाद पदयात्रा के पांचवें एवं अंतिम दिन सोमवार को निमोदा गांव में रात्रि विश्राम के पश्चात ग्राम आलोद से पदयात्रा प्रारंभ हुई। प्राचीन चारभुजा नाथ मंदिर परिसर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मंत्री दिलावर ने ग्रामीणों से वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत संवाद किया।

उन्होंने कहा कि भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने के लिए सभी को सामूहिक प्रयास करने होंगे, क्योंकि जल है तभी जीवन संभव है। उन्होंने घोषणा की कि आलोद तालाब का जीर्णोद्धार कराया जाएगा। ग्राम पंचायत भवन के निकट स्थित तालाब के विकास के लिए एक करोड 60 लाख रुपए का प्रस्ताव भेजा गया है। इसके अलावा आलोद में एनिकट मरम्मत एवं पुलिया निर्माण कार्य के लिए 2 करोड 20 लाख रुपए का प्रस्ताव तैयार कर भेजा गया है, जिन पर शीघ्र कार्य प्रारंभ होगा।

# डोनाल्ड ट्रम्प की बेटी टिफनी गुजरात पहुंची

### अंबानी परिवार की मेहमान बनीं, जामनगर में रिलायंस के वनतारा में रुकेंगी



**जामनगर।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की छोटी बेटी टिफनी ट्रम्प पति माइकल बोलोस के साथ सोमवार दोपहर को गुजरात के जामनगर पहुंचीं। यहां वे अंबानी परिवार की मेहमान बनेंगी। टिफनी रिलायंस के वनतारा का दौरा कर रात यहीं बिताएंगी। इससे पहले, रविवार को टिफनी ट्रम्प और उनके पति बोलोस रविवार शाम ऐतिहासिक सोनार दुर्ग देखने (जैसलमेर फोर्ट) पहुंचें। गोपा चौक से दोनों ने ई-गोल्फ कार्ट में सवार होकर किले में एंट्री की। दशहरा चौक पहुंचने पर जैसलमेर के पूर्व महारावल चैतन्यराज सिंह ने उनका स्वागत किया। इसके बाद फोर्ट में बने म्यूजियम की भी विजिट कीं। इससे पहले, शनिवार को टिफनी ट्रम्प और उनके पति ने आगरा (यूपी) में ताजमहल देखा। वहां वे करीब एक घंटा रहे। जैसलमेर पहुंचने से करीब 2 घंटे पहले टिफनी ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ताजमहल की फोटो शेयर की। कैप्शन लिखा- "The Stunning Taj Mahal"

# मानसून 2-3 दिन में केरलम पहुंचेगा

### देशभर में हीटवेव खत्म; राजस्थान के 3 जिलों में ओले गिरे, एमपी-बिहार समेत 5 राज्यों में आंधी-बारिश

**नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर/लखनऊ।** मौसम विभाग ने कहा है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले 2 से 3 दिनों में केरलम पहुंच सकता है। आमतौर पर मानसून 1 जून के आसपास केरल में दस्तक देता है, लेकिन इस बार इसकी रफ्तार थोड़ी धीमी रही है। मौसम विभाग के अनुसार अरब सागर, लक्षद्वीप, केरलम और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए मौसम अनुकूल बना हुआ है। इसके साथ ही बंगाल की खाड़ी के कई इलाकों में भी मानसून आगे बढ़ सकता है। IMD ने पहले अनुमान लगाया था कि मानसून 26 मई को केरलम पहुंचेगा, लेकिन बाद में इसमें देरी हुई और विभाग ने कहा कि इसकी शुरुआत जून के पहले सप्ताह में हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक देशभर में फिलहाल हीटवेव की स्थिति खत्म हो गई है। राजस्थान के अजमेर, नागौर और चित्तौड़गढ़ में में सोमवार को ओले गिरे।

# साप्ताहिक समीक्षा बैठकः वंदे गंगा अभियान के तहत अधिक से अधिक गतिविधियां आयोजित हों

## भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए जल स्रोतों की सफाई की जाए

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**कोटा।** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर सीलिंग श्रीमती कृष्णा शुक्ला ने कहा कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत संबंधित विभाग अधिक से अधिक संख्या में जल संरक्षण संबंधित गतिविधियों का आयोजन कर ऐप पर उन्हें अपलोड करें। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत कुएं, बावडी, सरोवर आदि जल स्रोतों की सफाई की जाए ताकि उन्हें पुनर्जीवित किया जा सके। उन्होंने अभियान के तहत भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए जल संरचनाओं के विकास, आमजन को जल संचय के प्रति जागरूक करने तथा जन भागीदारी बढ़ाने की दिशा में प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर तक आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। श्रीमती शुक्ला ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को पेयजल के नमूने लेने, ऊर्जा विभाग को ट्रांसफार्मर के आसपास सफाई करने तथा वन विभाग को हरियालो राजस्थान के तहत अधिक से अधिक गड्ढे खोदने और वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जिले में मुख्यमंत्री जन स्वावलम्बन अभियान के तहत तय लक्ष्यों के अनुरूप कार्य किए जा रहे हैं। बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जिन घोषणाओं में प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी हो चुकी है उनमें आगे की कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ की जाए ताकि घोषणाओं को धरातल पर उतारा जा सके। उन्होंने सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को बजट घोषणाओं की अपडेट गूगल शीट पर दर्ज करने के निर्देश दिए। साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना तथा विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत स्वीकृत कार्यों को शीघ्र शुरू करने तथा मनरेगा योजना में अपूर्ण कार्यों को 1 जुलाई से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जेवीवीएनएल के अधिकारियों को बिजली तंत्र में सुधार लाने तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मौसमी बिमारियों की रोकथाम के लिए दवाईयां, स्टाफ एवं अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीईओ जिला परिषद श्री कमल कुमार मीणा एवं अधीक्षण अभियंता वाटरशेड उमेश कुमार गुप्ता ने वंदे गंगा अभियान के तहत अभी तक किए गए कार्यों की जानकारी दी। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर विनोद कुमार मल्होत्रा, सचिव केडीए श्री मुकेश चौधरी, उपायुक्त नगर निगम भावना सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## नीट परीक्षा में धांधली व बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस का उपखंड कार्यालय के सामने प्रदर्शन

### बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार पर जमकर सादा निशाना

### विधायक भगवान राम सैनी के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी को सोपा ज्ञापन



**उदयपुरवाटी/सुमेर सिंह राव।** कस्बे में सोमवार कोराजस्थान प्रदेश कांग्रेस के आदेशानुसार प्रातः 11ः00 बजे उपखंड कार्यालय के बाहर नीट परीक्षा में धांधली व बढ़ती महंगाई को लेकर उदयपुरवाटी कांग्रेस के विधायक भगवान राम सैनी के नेतृत्व में राजस्थान सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया गया द्य सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने हाल ही में नीट परीक्षा में हुई धांधली व बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना सादा द्य उसके बाद विधायक भगवान राम सैनी के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सोपा द्य ज्ञापन में लिखा है कि देश में बढ़ रही कमरतोड़ महंगाई देश में पेट्रोल, डीजल, गैस व दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुओं की कीमत लगातार बढ़ रही है इस महंगाई ने गरीब किसान मजदूर मध्यम वर्ग की कमर तोड़कर रख दी है द्य ज्ञापन में आगे लिखा है कि नीट परीक्षा पेपर लीक में हो रही धांधली व हालही में आयोजित हुई नीट परीक्षा में पेपर लीक होने व बड़े पैमाने पर हुई धांधली से देश के लाखों मेधावी व मेहनती छात्रों के भविष्य के साथ बहुत बड़ा खिलवाड़ हुआ है द्य ज्ञापन देने वालों में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बीएल सैनी, रामकरण सैनी, शिव प्रसाद चेजारा, राहुल चेजारा, अजय तसीड, श्यामलाल सैनी, एडवोकेट श्रवन सैनी, के.के सैनी, ताराचंद सैनी नांगल, बाबू लोहार, पंकज सैनी बागोरा, माहिर खान, एडवोकेट मोतीलाल सैनी, हेमंत सैनी ,अमित अली कच्छावा ,जगदीश बागड़ी सहित कई लोग मौजूद रहे ।

## झडाया मैं होने वाले यज्ञ को लेकर यज्ञशाला का निर्माण कार्य अब होगा तेजी से

### विद्वान पंडितो द्वारा विधि विधान से करवाया गया यज्ञशाला का शुभारंभ, 16 जून को निकलेगी विशाल ऐतिहासिक कलश यात्रा, 17 जून से आयोजित होगा 108 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ



**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** उपखंड क्षेत्र के झडाया बालाजी मंदिर आश्रम पर 17 जून से 25 जून तक आयोजित होने वाले 108 कुंडीय श्री राम महायज्ञ को लेकर जहां तैयारियां जोर-जोर से चल रही है वहीं गांव-गांव व ढाणी ढाणी में पीले चावल बांटकर लोगों को न्योता दिया जा रहा है द्य यज्ञ सेवा समिति के मीडिया प्रभारी अशोक जांगिड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि यज्ञ स्थल पर यज्ञशाला का निर्माण कार्य भी अब तेजी से प्रगति की ओर अग्रसर होगा द्य जांगिड़ के अनुसार यज्ञशाला के निर्माण में डीडवाना के कारीगर लगे हुए हैं जल्दी ही यज्ञशाला का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा द्य यज्ञ सेवा समिति के अध्यक्ष मदनलाल भावरिया ने दूरभाष पर जानकारी देते हुए बताया कि यज्ञ से एक रोज पूर्व 16 जून को हजारों के तादाद में महिलाओं द्वारा विशाल ऐतिहासिक कलश यात्रा निकाली जाएगी द्य भावरिया के अनुसार यज्ञ के दौरान ही श्री राम कथा का आयोजन भी किया जाएगा जो सुप्रसिद्ध कथा वाचक रणवीर भाई शेखावाटी वाले द्वारा कथा का रसपान करवाया जाएगा द्य यज्ञ शाला के कार्य का विधि विधान से विद्वान पंडितो द्वारा शुभारंभ करवाया गया द्य मीडिया प्रभारी अशोक जांगिड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि यज्ञशाला के निर्माण हेतु बल्ली का विधान के साथ पूजन करके यज्ञशाला का कार्य का शुभारंभ करवाया गया द्य यज्ञ की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए यज्ञ सेवा समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा दिन रात गांव-गांव व ढाणी ढाणी में पोस्टर का विमोचन कर लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है द्य वही मंदिर के महंत महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री सीताराम दास जी महाराज के सानिध्य में प्रतिनिधि मंडल इन दिनों गुजरात के दौरे पर है।

## गुजरात में 12 शेर, एमपी में 10 बाघों की मौत

**अमरेली।** एशियाटिक लायंस के लिए फेमस गुजरात के पूर्वी और पश्चिमी गिर फॉरेस्ट में 12 शेरों की मौत का मामला केंद्र सरकार तक पहुंच गया है। वन विभाग ने 30 से अधिक शेरों को एनीमल केयर सेंटर में रखा है। हालांकि, शेरों की लेबोरेटरी रिपोर्ट अभी तक जारी नहीं की गई है। ऐसा ही हाल मध्यप्रदेश में बाघों का है। कान्हा टाइगर रिजर्व में 2 अप्रैल से अब तक 10 बाघों की मौत हो चुकी है। बाघों में कैनाइन डिस्टेंपर वायरस के गंभीर लक्षण मिलने के बाद वन विभाग ने अलर्ट मोड में अभियान शुरू किए हैं। गुजरात के शेरों में सीडीवी वायरस के लक्षण मिलने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों और राज्य के वन मंत्री अर्जुन मोढवाडिया ने रविवार को जसाधार पशु देखभाल केंद्र का दौरा किया। पिछले 15 दिनों में 12 शेरों की मौत के बावजूद रिपोर्ट जारी न होने से मामला गहराता जा रहा है।

### गुजरात वन-विभाग चुप

गुजरात में करीब 8 दिन पहले 5 शावकों और 4 शेरों की मौत हुई थी। इनके विसरा नमूनों की जांच के बाद भी वन विभाग की ओर से अभी तक कोई रिपोर्ट जारी नहीं की गई है। हालांकि, सीडीवी वायरस के लक्षणों के चलते वन विभाग ने सतर्कता बरतते हुए काम शुरू कर दिया है। लेकिन आशंका है कि स्थिति गंभीर होती जा रही है। वहीं दूसरी ओर, रिपोर्ट जारी न करने को लेकर राज्य सरकार और वन विभाग पर सवाल उठ रहे हैं। पूर्वी और पश्चिमी गिर में शेरों में फैली महामारी और उससे हुई मौतों के बाद स्थिति का जायजा लेने के लिए वन मंत्री अर्जुन मोढवाडिया जामवाला एनिमल केयर सेंटर भी पहुंचे थे।

## लोकसभा अध्यक्ष ने रात्रि चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

### विकास कार्यों की प्राथमिकताएं तय करने का किया आह्वान

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**बूंदी।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को देर रात ग्राम पंचायत कोडीजा में आयोजित रात्रि चौपाल एवं ग्राम संपर्क संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं, आवश्यकताएं और विकास संबंधी सुझाव सुने। देर रात तक चले संवाद में उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि गांव के लोग आपसी सहमति से विकास कार्यों की प्राथमिकताएं तय करें, ताकि उसी के अनुरूप योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर क्षेत्र का समग्र विकास किया जा सके। बिरला ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता गांवों में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना है। हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना, हर खेत को सिंचाई का लाभ दिलाना तथा सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं को मजबूत बनाना निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए तथा समस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल, पूर्व जिला प्रमुख राकेश बोयत, भाजपा जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा, जिला महामंत्री योगेंद्र श्रृंगी, मायजा सरपंच महेंद्र सिंह, कोडीजा सरपंच महावीर मीणा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नीट परीक्षा में धांधली व बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस का उपखंड कार्यालय के सामने प्रदर्शन

### बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार पर जमकर सादा निशाना, विधायक भगवाना राम सैनी के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी को सोपा ज्ञापन



**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** कस्बे में सोमवार कोराजस्थान प्रदेश कांग्रेस के आदेशानुसार प्रातः 11ः00 बजे उपखंड कार्यालय के बाहर नीट परीक्षा में धांधली व बढ़ती महंगाई को लेकर उदयपुरवाटी कांग्रेस के विधायक भगवानि राम सैनी के नेतृत्व में राजस्थान सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने हाल ही में नीट परीक्षा में हुई धांधली व बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना सादा द्य उसके बाद विधायक भगवाना राम सैनी के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सोपा। ज्ञापन में लिखा है कि देश में बढ़ रही कमरतोड़ महंगाई देश में पेट्रोल, डीजल, गैस व दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुओं की कीमत लगातार बढ़ रही है इस महंगाई ने गरीब किसान मजदूर मध्यम वर्ग की कमर तोड़कर रख दी है द्य ज्ञापन में आगे लिखा है कि नीट परीक्षा पेपर लीक में हो रही धांधली व हालही में आयोजित हुई नीट परीक्षा में पेपर लीक होने व बड़े पैमाने पर हुई धांधली से देश के लाखों मेधावी व मेहनती छात्रों के भविष्य के साथ बहुत बड़ा खिलवाड़ हुआ है द्य ज्ञापन देने वालों में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बीएल सैनी, रामकरण सैनी, शिव प्रसाद चेजारा, राहुल चेजारा, अजय तसीड, श्यामलाल सैनी, एडवोकेट श्रवन सैनी, के.के सैनी, ताराचंद सैनी नांगल, बाबू लोहार, पंकज सैनी बागोरा, माहिर खान, एडवोकेट मोतीलाल सैनी, हेमंत सैनी ,अमित अली कच्छावा ,जगदीश बागड़ी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## गुढ़ा सीकर के नीट स्टूडेंड प्रदीप माहीच के परिजनों को लेकर संघर्ष शिष्ट मंडल दलित नेता एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से मिले

### पासवान ने पीड़ित परिवार को बुलाया था दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, ओर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से बात कर जल्द इंसाफ दिलाने का दिलाया भरोसा

● अतुल्य संसार नेटवर्क




**उदयपुरवाटी /दिल्ली /जयपुर/सुमेर सिंह राव।** देश के बहुचर्चित सीकर में पढ़ने वाले गुढ़ा बावनी के नीट स्टूडेंड प्रदीप माहीच आत्मदाह प्रकरण को लेकर सोमवार को आदिवासी श्री मीन सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मीणा किशोरपुरा, विधानसभा प्रत्याशी संदीप जी सैनी उदयपुरवाटी, युवा नेता रवींद्र सिंह पोंख, लोकजनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सूरज कुमार बुराड़िया , पुर्व सरपंच गुर्जर नेता शीशराम खटाना , मदनलाल पाहाडीला, गोविंद सिंह शेखावत लोक जनशक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष, सुरेश पाल, विजेन्द्र पाल, पवन सैनी, अनिल सैनी, सुरेश गुर्जर चवंरा के नेतृत्व में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण एवं उद्योग मंत्री भारत सरकार चिराग पासवान से मिले।

प्रतिनिधित्व मंडल में मृतक के पिता राजेश मेघवाल, चचेरे भाई श्रवण कुमार गुढा, भाई वीरेंदर कुमार सुरेश पाल भी शामिल थे। पीड़ति परिवार को केंद्रीय मंत्री ने 40मिनट का समय दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात कर एक दो दिन में न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।डेलिकेशन की मांगे 2 करोड रुपए की मुवावजा राशि, मृतक के आश्रितों को नौकरी की मांग।

## नीट पेपर लीक, महंगाई और कॉलेज नीलामी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना




**सोजत पाली/मीठालाल पंवार।** नीट पेपर लीक प्रकरण, बढ़ती महंगाई, बिजली-पानी की समस्याओं तथा सोजत राजकीय महाविद्यालय की प्रस्तावित नीलामी के विरोध में रविवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस कमेटी सोजत के संयुक्त तत्वावधान में एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व राजस्थान सरकार के पूर्व मुख्य सचिव एवं पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी निरंजन आर्य ने किया।

कांग्रेस भवन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए निरंजन आर्य ने कहा कि वर्तमान सरकार युवाओं, किसानों और आमजन से जुड़े मुद्दों पर संवेदनशीलता नहीं दिखा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि नीट पेपर लीक से लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है, जबकि महंगाई, बेरोजगारी और मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं से आमजन परेशान हैं।

सभा के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर उपखंड कार्यालय पहुंचकर धरना दिया। इस दौरान पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र पालरिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता बिशन सिंह राठौड़, युवा विधानसभा अध्यक्ष पुनीत दवे, यूथ कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष मनीष पालरिया तथा अन्य नेताओं ने संबोधित किया।

धरने के दौरान कांग्रेस नेताओं ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपने का प्रयास किया। आरोप है कि काफी देर तक उपखंड अधिकारी के बाहर नहीं आने से कार्यकर्ताओं में नाराजगी बढ़ गई। इसके विरोध में कार्यकर्ता सड़क पर बैठ गए और कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बन गई। मौके पर पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच तनावपूर्ण माहौल भी बना रहा।

बाद में उपखंड अधिकारी कार्यालय से बाहर आए और कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल से ज्ञापन प्राप्त किया, जिसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया।

प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संपत कुमावत, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सत्यनारायण टांक, गजेंद्र सोनी, बालमुकुंद गहलोत, गोविंद दवे, असलम मेहर, भागीरथ, राहुल राठौड़, गणपतसिंह चाड़वास, मोहन काकू, मदन पवार, भेराराम डागी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिक मौजूद रहे।

कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि जनहित से जुड़े मुद्दों पर शीघ्र समाधान नहीं होने पर आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

## बड़ोदरा से आते समय अहमदाबाद सीमा पर यज्ञ सेवा समिति का हुआ जोरदार अभिनंदन

### राजस्थानी प्रवासी नरपत सिंह ने किया यज्ञ सेवा समिति का जोरदार स्वागत, 3 जून को देर शाम तक झड़ाया पहुंचेगा प्रतिनिधि मंडल, यज्ञ सनातन धर्म की रीड है.........मदनलाल भावरिया



**उदयपुरवाटी/सुमेर सिंह राव।** उपखंड क्षेत्र के झड़ाया में 17 जून से आयोजित होने वाले 108 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ को लेकर इन दोनों मंदिर के महंत महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री सीताराम दास महाराज के साहित्य में एक प्रतिनिधि मंडल गुजरात के दौरे पर है। यज्ञ सेवा समिति के अध्यक्ष मदनलाल भावरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सूरत और बड़ोदरा के सफल दौरे के बाद प्रतिनिधिमंडल का अहमदाबाद सीमा पर नरपत सिंह व हरि सिंह द्वारा यज्ञ सेवा समिति का जोरदार अभिनंदन किया गया। महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री सीताराम दास महाराज का फूल माला पहनाकर वह दुपट्टा पहना कर जोरदार स्वागत किया गया। यज्ञ सेवा समिति के अध्यक्ष मदनलाल भावरिया की जानकारी देते हुए बताया कि यज्ञ सनातन धर्म की रीड है द्य गोविंद जांगिड़ के अनुसार नरपत सिंह व हरि सिंह धर्म-कर्म के कामों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहते हैं द्य इतना ही नहीं उनके पिता स्वर्गीय किशन सिंह भी धर्म कर्मों में सदैव तैयार रहते थे द्य गोविंद जांगिड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि यज्ञ सेवा समिति का प्रतिनिधिमंडल गुजरात के सफल दौरे के बाद 3 जून को देर शाम तक झडाया बजरंग धाम आश्रम पहुंचेगा द्य जहां यज्ञ सेवा समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा 4 जून को प्रतिनिधिमंडल का जोरदार स्वागत किया जाएगा।

# ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया में भारतीय हथियारों की डिमांड बढ़ी

## ब्रह्मोस, आकाश और नेत्र खरीदने में कई देश रुचि दिखा रहे; 21,000 करोड़ की डील

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस, आकाश, लॉयटरिंग म्युनिशन और नेत्र जैसे भारतीय हथियारों के इस्तेमाल के बाद दुनिया में इनकी मांग तेजी से बढ़ी है। कई देशों ने इन्हें खरीदने में रुचि दिखाई है, जबकि कुछ के साथ हजारों करोड़ रुपए के सौदे भी हो चुके हैं। इनकी कीमत 21,000 करोड़ रुपए से अधिक है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, 2025-26 में भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 38,424 करोड़ रुपए पहुंच गया, जो पिछले साल से 62त्न ज्यादा है। ब्रह्मोस के लिए फिलीपींस, वियतनाम और दो अन्य देशों से करीब 12,500 करोड़ रुपए के सौदे हो चुके हैं। इंडोनेशिया के साथ लगभग 3,600 करोड़ रुपए की डील अंतिम मंजूरी के चरण में है। आकाश मिसाइल सिस्टम के लिए अर्मेनिया से 6,100 करोड़ रुपए का कॉन्ट्रैक्ट पहले ही हो चुका है।









### 100 से ज्यादा देशों को 38,424 करोड़ रु. का निर्यात

भारत अब 100 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात करता है, जिनमें अमेरिका, फ्रांस और अर्मेनिया प्रमुख हैं। अमेरिका सबसे बड़ा खरीदार है जहां 2.8 अरब डॉलर के प्रणाली व कल्पुर्जे बोइंग और लॉकहीड मार्टिन जैसी बड़ी कंपनियों को जाते हैं। अर्मेनिया जैसे देश पूरे तैयार हथियार खरीद रहे। सरकार ने 2029-30 तक 50,000 करोड़ रुपए का रक्षा निर्यात लक्ष्य रखा है। 2016-17 में यह मात्र 1,522 करोड़ रुपए था। यानी एक दशक से कम समय में इसमें 25 गुना से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद मिले वैश्विक ध्यान ने इस लक्ष्य को और तेज गति देने के संकेत दिए हैं।

### दुनिया भर में भारतीय हथियारों की तलब

दुनिया भर के देशों ने भारत के ब्रह्मोस मिसाइल के लिए रुचि दिखाई है। फिलीपींस, वियतनाम और दो अन्य देशों के साथ करीब 12,500 करोड़ के सौदे संपन्न हो चुके हैं। इसके अलावा, इंडोनेशिया के साथ भी लगभग 3,600 करोड़ की डील अंतिम मंजूरी के चरण में है। ऐसे में यह स्पष्ट है कि भारतीय रक्षा उत्पादों की मांग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ रही है।

### आकाश मिसाइल के लिए बढ़ते करार

भारतीय आकाश मिसाइल प्रणाली भी विश्व स्तर पर चर्चित हो गई है। अर्मेनिया ने पहले ही ?6,100 करोड़ का अनुबंध किया है। इस प्रकार, भारत अब 100 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात कर रहा है, जिसमें अमेरिका और फ्रांस जैसे प्रमुख देश शामिल हैं। भारत की निर्यात क्षमता ने एक नया मुकाम हासिल किया है।

### अमेरिका बना सबसे बड़ा खरीदार

अमेरिका भारतीय रक्षा उत्पादों का सबसे बड़ा खरीदार बन चुका है, जहां 2.8 अरब डॉलर के उपकरण बेचे जा रहे हैं। बोइंग और लॉकहीड मार्टिन जैसी बड़ी कंपनियों को भी इसमें शामिल किया गया है। इसका मतलब यह है कि भारतीय हथियार वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन गए हैं।

### भविष्य के लक्ष्य और आकांक्षाएं

भारतीय सरकार ने 2029-30 तक रक्षा निर्यात में 50,000 करोड़ का लक्ष्य रखा है। यह पिछले वर्षों की तुलना में एक बड़ा कदम है, क्योंकि 2016-17 में निर्यात मात्र ?1,522 करोड़ था। एक दशक के भीतर इस क्षेत्र में 25 गुना वृद्धि हुई है। ऑपरेशन सिंधु के बाद यह लक्ष्य और भी तेजी से प्राप्त होने के आसार हैं।

### नए हथियारों की खरीदारी की तैयारी

भारतीय सेना अब 800 किलोमीटर रेंज वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल खरीदने की योजना बना रही है। अभी सेना के पास 450 किलोमीटर की रेंज वाली मिसाइल मौजूद है, लेकिन इस नए वर्जन की आवश्यकता महसूस हो रही है। रक्षा अधिकारियों के अनुसार, इस नए वर्जन का बड़ा ऑर्डर दिया जाएगा। यह भारतीय सेना की ताकत को और अधिक मजबूत करेगा।

# एनकाउंटर में ढेर असद के घर पर बुलडोजर चलेगा

## एसडीएम ने नोटिस चिपकाया, सोम बोले- जिहादी भूल गए सरकार किसकी



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में 11वीं के छात्र सूर्या चौहान की हत्या के आरोपी असद के घर पर बुलडोजर चलेगा। सोमवार को प्रशासन की टीम असद के घर पहुंची। घर के गेट पर ताला लगा था। इसके बाद एसडीएम ने अवैध कब्जा करके घर बनाने का नोटिस दरवाजे पर चिपकाया। इसमें कहा गया कि जिस जमीन पर मकान बना है, उस पर अवैध कब्जा किया गया है। असद के पिता नवाब को 15 दिनों के भीतर एसडीएम कार्यालय में अपना जवाब देना होगा। साथ ही अवैध कब्जा खुद हटाने के लिए भी कहा गया है। खोड़ा नगर पालिका के चेयरमैन पति और पूर्व सपा विधायक अमरपाल शर्मा ने कहा कि सूर्या के बड़े भाई को नौकरी दी जाएगी। अगर घर पर किसी तरह का टैक्स लगता होगा, तो वह माफ होगा। इसके अलावा किसी सड़क या चौराहे के नाम सूर्या के नाम पर रखा जाएगा। वहीं, झांसी में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि अगर हिंदू एक होगा तो कोई बाल भी बांका नहीं कर सकेगा। योगी की पुलिस ने ने जो किया, बहुत अच्छा किया। भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम ने सोमवार को सूर्या की मां से मुलाकात कर उन्हें एक लाख की मदद दी। सोम ने कहा- खोड़ा में एक-एक आदमी ने 50- 50 मकान खरीद रखे हैं। कहां से पैसा आया, इसकी जांच होगी। जिहादी भूल गए कि प्रदेश में किसकी सरकार है? जिहादियों का ठीक से फन दबा दिया जाएगा। अगर किसी ने पलायन कराने की कोशिश की, तो उसी का यहां से पलायन करा दिया जाएगा। दरअसल, बकरीद के दिन (28 मई) असद ने सूर्या की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। रविवार (31 मई) तड़के पुलिस ने असद को एनकाउंटर में मार गिराया था।

# राहुल गांधी बोले- राजस्थान में डोटासरा-जूली में अच्छा तालमेल

## ये दूसरे राज्यों के लिए उदाहरण, पुष्कर में कांग्रेस जिलाध्यक्षों के परिवार से मिले

**अजमेर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की तारीफ की। उन्होंने कहा- प्रदेशाध्यक्ष और सीएलपी लीडर (नेता प्रतिपक्ष) में अच्छा तालमेल है। यह दूसरे राज्यों के लिए भी उदाहरण है। यह बात उन्होंने सोमवार को अजमेर के किशनगढ़ एयरपोर्ट पर स्वागत के दौरान कही। राहुल गांधी पुष्कर में आयोजित कांग्रेस के 10 दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने एक सेशन में राजस्थान के 50 और दिल्ली के 15 जिला अध्यक्षों सहित प्रदेश पदाधिकारियों को संबोधित किया। पुष्कर के वाइल्ड रोज रिसॉर्ट में 65 जिला अध्यक्षों के परिवार के सदस्य भी पहुंचे थे। राहुल गांधी ने इन परिवारों से मुलाकात की और फोटो क्लिक करवाई। डीडवाना-कुचामन के जिला अध्यक्ष के परिवार से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहम्मद रमजान ने कहा- मैंने राहुल गांधी को बताया कि जब पहला इलेक्शन हुआ था, तब हमने पर्चियां बनाई थी। बीकानेर शहर अध्यक्ष मदन गोपाल ने कहा कि राहुल गांधी ने नीति और सिद्धांत की बात कही। उन्होंने कहा- जो अच्छा काम करेगा, उसका भविष्य में आगे प्रमोशन होगा। जो काम नहीं करेगा, उसके लिए दूसरा रास्ता होगा।





### विधायक ने राहुल को भेंट किया हल

इससे पहले, राहुल सोमवार सुबह 10:05 बजे किशनगढ़ एयरपोर्ट पहुंचे। पूर्व सीएम अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट उनका स्वागत करने एयरपोर्ट पहुंचे। किशनगढ़ विधायक विकास चौधरी ने राहुल गांधी को हल भेंट किया। यहां से राहुल पुष्कर के लिए रवाना हो गए थे। चिंतन शिविर में सोमवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के भी आने का कार्यक्रम था। लेकिन किसी कारण से उनका कार्यक्रम कैंसिल हो गया।

### जो अच्छा काम करेगा, उसका प्रमोशन होगा

बीकानेर शहर अध्यक्ष मदन गोपाल ने कहा कि राहुल गांधी ने नीति और सिद्धांत की बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी तपस्या की पार्टी है। बीजेपी तपस्या की नहीं, सत्ता की भूखी पार्टी है। ऐसे में कैसे लोगों की मदद की जा सके, इस पर काम किया जाए। उन्होंने कहा- जो अच्छा काम करेगा, उसका भविष्य में आगे प्रमोशन होगा। जो काम नहीं करेगा, उसके लिए दूसरा रास्ता होगा।

### किशनगढ़ एयरपोर्ट के लिए रवाना हुए राहुल गांधी

कांग्रेस के 10 दिवसीय चिंतन शिविर का पुष्कर में आज समापन हो गया। आखिरी में सेवादल के कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने के बाद राहुल गांधी पुष्कर के रिसॉर्ट से किशनगढ़ एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए।

### पुष्कर में बारिश, बाहर खड़े कार्यकर्ता

पुष्कर में दोपहर 3 बजे तेज बारिश शुरू हो गई। राहुल गांधी रिसॉर्ट के अंदर हैं। राहुल गांधी के बाहर आने के इंतजार में कार्यकर्ता बारिश के बीच पोस्टर लेकर इंतजार कर रहे हैं।

### पायलट बोले- प्रदेश सरकार पूरी तरह फेल

पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट चिंतन शिविर में शामिल होने के बाद बाहर आए और मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि अलग-अलग राज्यों में चिंतन शिविर किया जा रहा है। राहुल गांधी की सोच है कि जिलाध्यक्षों को एक नए रूप में देखा जाए। आने वाले दिनों में पार्टी को कैसे और ज्यादा मजबूत किया जाए। जिन राज्यों, क्षेत्रों में हम और मजबूत हो सकते हैं, नए लोगों को जोड़ा जाए। ऐसे तमाम मुद्दों पर चर्चा की गई। इस तरीके के शिविर से पार्टी के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा मिलती है। सार्थक और खुले दिल से चर्चा हुई है। प्रदेश सरकार पर पायलट ने कहा कि ये सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है और बहुमत वाली सरकार जनता का भरोसा खो दे, ये पहली बार हमने देखा है। पानी और बिजली के लिए त्राहि-त्राहि मच रही है। सरकार का कंट्रोल नहीं है। पेपर लीक हो रहे हैं, अत्याचार हो रहे हैं। विकास काम ठप पड़े हैं। केवल वादे और घोषणा की गई। धरातल पर कोई काम नहीं हो रहा। हर वर्ग बदलाव का इंतजार कर रहा है।

### जिला अध्यक्ष बोले- राहुल गांधी ने हमारी बात भी सुनी

दिल्ली के तिलक नगर से जिला अध्यक्ष अमनदीप सिंह ने बताया- शिविर में संगठन को मजबूत करने और ग्लोबल राजनीति पर चर्चा हुई। किस तरह से भाजपा की ओर से देश को बर्बाद किया जा रहा है, उस पर राहुल गांधी ने अपनी बात कही। जिलाध्यक्षों की बात को भी सुना गया। भाजपा की तरह नहीं कि नेता आए और भाषण देकर चले गए। राहुल गांधी ने अपनी बात कहने के साथ ही सभी जिलाध्यक्षों की बात सुनी और उनके प्रश्नों का जवाब भी दिया। जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर चर्चा हुई। दिल्ली में आम आदमी पार्टी सेकंड पार्टी बन गई है और हम थर्ड प्लेस पर हैं। इस पर राहुल जी ने कहा कि झूठ बोलकर एक पार्टी सत्ता में तो आ सकती है, लेकिन अब बाहर हो गई। अब ये देख भी रहे हैं। अब जब महंगाई बड़ी तो कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। इसमें लोगों का समर्थन मिला है।

# सीबीआई बोली- पुणे के टीचर ने नीट पेपर अरेंज कराया

## 3 आरोपी 15 जून तक न्यायिक हिरासत में, एससी बोला- री-एग्जाम पेन-पेपर मोड में ही होगी

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने सोमवार को कहा कि पुणे की एक मेडिकल एकेडमी में फिजिक्स फैकल्टी रहे हर्षदकुमार शाह ने क्वेश्चन पेपर अरेंज कराने में भूमिका निभाई थी। एजेंसी के मुताबिक, शाह ने फिजिक्स का प्रश्नपत्र मनीषा हवालदार तक पहुंचाया था। जांच में यही पेपर मनीषा के मोबाइल से बरामद हुआ। इसी मामले में गिरफ्तार डॉ. मनोज शिरुरे, हर्षदकुमार शाह और मनीषा हवालदार को सोमवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने तीनों को 15 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सीबीआई ने अदालत को बताया कि डॉ. मनोज शिरुरे पेपर लीक से जुड़े नेटवर्क का हिस्सा थे। एजेंसी का दावा है कि उन्होंने मुख्य आरोपी शिवराज मोटेगांवकर से 5 लाख रुपए लिए थे। यह रकम उनकी बहन के घर से बरामद की गई थी। देशभर में 3 मई को नीट-यूजी परीक्षा हुई थी। 7 मई की शाम पेपर लीक की खबर सामने आई थी। 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी गई। 21 जून को री-एग्जाम होगा।



### सुप्रीम कोर्ट बोला- नीट री-एग्जाम पेन-पेपर मोड में ही होगी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को नीट री-एग्जाम को कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट मोड में कराने की मांग खारिज कर दी। री-एग्जाम पेन-पेपर मोड में ही होगी। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच आरजेडी सांसद सुधाकर सिंह की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता के वकील ने नीट री-एग्जाम सीबीटी मोड में कराने की मांग की।

### याचिका में 4 बड़े बदलावों की मांग

एनटीए की जगह एक स्वतंत्र वैधानिक राष्ट्रीय परीक्षा प्राधिकरण बनाया जाए। इसके साथ ही पूर्व ईसरो प्रमुख के राधाकृष्णन समिति की सिफारिशें लागू की जाए। बायोमेट्रिक सत्यापन, एआई आधारित निगरानी, एन्क्रिप्टेड डिजिटल प्रश्नपत्र प्रणाली और प्रश्नपत्रों को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने जैसे उपाय अपनाए जाए। नीट को पूरी तरह कंप्यूटर आधारित परीक्षा बनाने के लिए रोडमैप तैयार किया जाए। साथ ही परीक्षा केंद्रों के ढांचे, साइबर सुरक्षा और डिजिटल परीक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की स्थिति रिपोर्ट अदालत में पेश की जाए। साथ ही परीक्षा परिणाम केंद्रवार सार्वजनिक करने का सुझाव दिया गया है, ताकि किसी भी तरह की अनियमितता की पहचान की जा सके।

### संसदीय समिति में एनटीए की जगह नई संस्था का प्रस्ताव

इधर संसद की शिक्षा, महिला, बाल, युवा एवं खेल मामलों की स्थायी समिति की बैठक सोमवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने की। इसमें नीट परीक्षा, एनटीए और पेन-पेपर बनाम सीबीटी मोड पर चर्चा हुई। यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट ने समिति ने कहा कि नीट से जुड़े सवाल केवल परीक्षा के तरीके तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पारदर्शिता, जवाबदेही और परीक्षा कराने वाली एजेंसी की विश्वसनीयता से भी जुड़े हैं। संगठन ने एनटीए को भंग कर संसद के कानून के तहत नई राष्ट्रीय परीक्षा संस्था बनाने की मांग की। यूडीएफ ने यह भी कहा कि नीट-यूजी 2026 पेपर लीक की जांच को 2024 की परीक्षा से जुड़े विवादों के साथ जोड़कर देखा जाना चाहिए। संगठन ने पूरे मामले की समयबद्ध और पारदर्शी जांच की मांग की।

### कांग्रेस ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगा

पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस ने एक शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की है। पार्टी का आरोप है कि लगातार सामने आ रहे पेपर लीक और परीक्षा विवादों ने देश की शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाया है। कांग्रेस के मीडिया विभाग प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि देश में 90 पेपर लीक की घटनाओं से 9 करोड़ से ज्यादा छात्र और उनके परिवार प्रभावित हुए हैं।

# राहुल का दावा- 12वीं की आंसर शीट मोबाइल से स्कैन करवाईं

## खास वेंडर को फायदा पहुंचाया; रीवैल्युएशन फीस पर कहा- सीबीएसई के जेबकतरों से सावधान



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सीबीएसई की टेंडर प्रक्रिया में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि छात्रों की आंसरशीट को ऑटोमैटिक रोबोटिक स्कैनर की बजाय मोबाइल फोन से स्कैन किया गया। राहुल गांधी ने छात्र सार्थक सिद्धांत की ङ्ग पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि अगस्त में ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम का टेंडर दोबारा जारी किया गया था। उस समय कई जरूरी शर्तें हटा दी गईं और स्कैनिंग की क्वालिटी भी 300 डीपीआई से घटाकर 200 डीपीआई कर दी गई। राहुल ने कहा कि धुंधली आंसरशीट, गायब पन्ने और कई कॉपियों का स्कैन न होना सिर्फ तकनीकी गलती नहीं है। उनके मुताबिक, यह सब किसी खास वेंडर को फायदा पहुंचाने के लिए किए गए कॉन्ट्रैक्ट का नतीजा है। यह एक धोखा है। और हर वह बच्चा, जिसके अंकों का गलत मूल्यांकन हुआ है, वह इस धोखे का शिकार है। धर्मेंद्र प्रधान अभी भी अपने पद पर बने हुए हैं। मोदी जी की यह चुप्पी अब सिर्फ उनकी उदासीनता नहीं रही। यह इस अपराध में उनकी मिलीभगत को दर्शाती है। जब शिक्षा को सेवा नहीं, कारोबार बना दिया जाए तब गलती सुधारी नहीं जाती। बढ़ाई जाती है और इसकी सबसे बड़ी कीमत हमारे बच्चे चुका रहे हैं। अपने समय, आत्मविश्वास और भविष्य से।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रदीप कुमार सोलंकी द्वारा महानगर मल्टीमीडिया प्रा. लि. जी-848, फेज 3, रीको सीतापुरा, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 227-हीरालाल की गली, झालाना, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) से प्रकाशित।
सम्पादकः प्रदीप कुमार सोलंकी, मो. 93510-01100, Email: atulyasansar@gmail.com संपादकीय कार्यालयः जगतपुरा फ्लाईओवर के पास, जगतपुरा जयपुर।